AGLASEM.COM

Madhya Pradesh Board

QUESTION PAPER



Quarterly Exam

रोल नं. .....

1223-A

कक्षा 12वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य)–140

(माध्यम हिन्दी)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23)
(समय : 03 घण्टे)

(कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08)
(पूर्णांक : 80)

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके लिए 1X32=32 अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का है, शब्द सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है, शब्द सीमा 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 04 अंक का है, शब्द सीमा 120 शब्द है।

aglasem.com

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1X6=6)

(i) अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या है –

(अ) क्या उत्पादन किया जाए

(ब) कैसे उत्पादन किया जाए

(स) उत्पादित वस्तु का वितरण कैसे हो

(द) उपरोक्त सभी

(ii) जब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है, तब सीमांत उपयोगिता –

(अ) धनात्मक होती है (ब) ऋणात्मक होती है

(स) शून्य होती है (द) उपरोक्त सभी

(iii) अल्पकालीन उत्पादन फलन की व्याख्या निम्नलिखित में से किस नियम द्वारा की जाती है?


(अ) मांग के नियम द्वारा

(ब) पैमाने के प्रतिफल द्वारा

(स) परिवर्तनशील अनुपातों के नियम द्वारा

(द) मांग की लोच द्वारा

(iv) निम्नलिखित चित्र प्रदर्शित करता है –



(अ) पूर्णतया लोचदार पूर्ति (ब) लोचदार पूर्ति

(स) पूर्णतया बेलोचदार पूर्ति (द) बेलोचदार पूर्ति

schools.aglasem.com

aglasem.com

(v) साम्य कीमत का निर्धारण निम्न में से किसके द्वारा स्थापित होता है?

(अ) मांग (ब) पूर्ति

(स) (अ) तथा (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(vi) ऐसी वस्तुएं जिनका एक दूसरे के बदले प्रयोग किया जाता है, कहलाती है –

(अ) पूरक वस्तुएं (ब) स्थानापन्न वस्तुएं

(स) आरामदायक वस्तुएं (द) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 रिक्त स्थानों में सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1X7=7)**

(i) व्यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र एक दूसरे के ..... होते हैं।

(पूरक / स्थानापन्न / विपरीत)

(ii) कुल उपयोगिता ..... उपयोगिताओं का योग होती है।

(सीमांत / औसत / दस)

(iii) आय बढ़ने पर उपभोक्ता ..... वस्तुओं की मांग घटा देते हैं।

(गिफिन / सामान्य / विलासिता)

(iv) पैमाने के प्रतिफलों का संबंध ..... काल की अवधि से है।

(अल्पकाल / दीर्घकाल / अतिअल्पकाल)

(v) जब सीमांत उत्पादन शून्य होता है, तब कुल उत्पादन ..... होता है।

(अधिकतम / औसत / ऋणात्मक)

(vi) पूर्ति की कीमत लोच ..... प्रकार की होती है।

(सात / पांच / दो)

(vii) मजदूरी तथा श्रम की पूर्ति के बीच ..... संबंध होता है।

(धनात्मक / ऋणात्मक / अप्रत्यक्ष)

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.3 सही जोड़िया बनाकर लिखिए – (1X6=6)

(अ)	(ब)
(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र	(क) कार तथा पेट्रोल
(ii) स्थानापन्न वस्तुएं	(ख) छोटी – छोटी इकाईयों का अध्ययन
(iii) औसत लागत वक्र का आकार	(ग) अल्पकाल से संबंधित
(iv) परिवर्तनशील लागत	(घ) U अक्षर जैसा
(v) पूर्ति का नियम	(ङ) मांग = पूर्ति
(vi) बाजार संतुलन	(च) कीमत तथा पूर्ति में सीधा संबंध

प्र.4 सत्य / असत्य लिखिए – (1X6=6)

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में व्यक्तिगत इकाईयों का अध्ययन किया जाता है।

(ii) भारत में मिश्रित आर्थिक प्रणाली को अपनाया गया है।

(iii) सीमांत उपयोगिता ऋणात्मक भी हो सकती है।

(iv) उपयोगिता का संबंध लाभदायकता से होता है।

(v) अधिक कीमत पर बाजार में पूर्ति अधिक होती है।

(vi) बाजार मूल्य संबंध दीर्घकालीन अवधि से है।

प्र.5 एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए – (1X7=7)

(i) आय सृजन करने वाली सभी क्रियाएं क्या कहलाती है?

(ii) उदासीनता वक्रों के समूह को क्या कहा जाता है?

(iii) उत्पादन फलन कितने प्रकार का होता है?

(iv) बाजार में एक वस्तु के क्रेता – विक्रेताओं की अधिक संख्या किस प्रकार के बाजार की विशेषता है?

(v) वस्तु की पूर्ति किसके द्वारा की जाती है?

(vi) साधनों की मांग किस प्रकार की मांग होती है?

(vii) कुल सम्प्राप्ति (आगम) का सूत्र लिखिए।

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.6 व्यष्टि अर्थशास्त्र किसे कहते हैं? (2)

अथवा

अर्थव्यवस्था का अर्थ लिखिए।

प्र.7 आदर्शक अर्थशास्त्र किसे कहते हैं? (2)

अथवा

पूंजीवादी (बाजार) अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?

प्र.8 कुल उपयोगिता किसे कहते हैं? (2)

अथवा

सीमांत उपयोगिता का अर्थ लिखिए।

प्र.9 बजट रेखा किसे कहते हैं? (2)

अथवा

मांग का अर्थ लिखिए।

प्र.10 अल्पकाल किसे कहते हैं? (2)

अथवा

लागत का अर्थ लिखिए।

प्र.11 पैमाने के प्रतिफल किसे कहते हैं? (2)

अथवा

कुल उत्पादन का अर्थ लिखिए।

schools.aglasem.com

aglasem.com

(2)

प्र.12 सामान्य लाभ किसे कहते हैं?

अथवा

असामान्य लाभ का अर्थ लिखिए।

(2)

प्र.13 पूर्ति का नियम लिखिए।

अथवा

पूर्ति की लोच का अर्थ लिखिए।

(2)

प्र.14 बाजार के प्रमुख तत्व लिखिए।

अथवा

बाजार का अर्थ लिखिए।

(2)

प्र.15 उच्चतम निर्धारित कीमत किसे कहते हैं?

अथवा

निम्नतम निर्धारित कीमत किसे कहते हैं?

(3)

प्र.16 पूरक वस्तुएं किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

अथवा

सीमांत उपयोगिता को उदाहरण सहित समझाइए।

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.17 औसत लागत वक्र U आकार के क्यों होते हैं? कारण दीजिए। (3)

अथवा

पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल को समझाइए।

प्र.18 पूर्ण प्रतियोगिता की तीन विशेषताओं को समझाइए। (3)

अथवा

एक फर्म की पूर्ति वक्र को निर्धारित करने वाले तीन तत्वों को लिखिए।

प्र.19 अधिमांग तथा अधिपूर्ति में अंतर समझाइए। (3)

अथवा

बाजार मूल्य निर्धारण को चित्र द्वारा समझाइए।

प्र.20 योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था तथा बाजार अर्थव्यवस्था में भेद कीजिए। (4)

अथवा

व्यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र.21 कुल उपयोगिता तथा सीमांत उपयोगिता में सम्बन्ध स्थापित कीजिए। (4)

अथवा

सामान्य तथा निम्नस्तरीय वस्तुओं को उदाहरण सहित समझाइए।

aglasem.com

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र 22 निम्नलिखित तालिका श्रम के कुल उत्पादन अनुसूची को प्रदर्शित करती है। इसके आधार (4)

पर सीमांत उत्पादन अनुसूची बनाइए।

श्रमिक	1	2	3	4	5
कुल उत्पादन – TP	15	35	50	48	40

अथवा

निम्नलिखित तालिका श्रम का सीमांत उत्पादन अनुसूची को प्रदर्शित करता है। इसके आधार पर कुल उत्पादन अनुसूची बनाइए।

श्रमिक	1	2	3	4	5	6
सीमांत उत्पादन – MP	10	18	25	10	05	01

प्र 23 सामान्य कीमत एक स्थाई घटना है, कैसे? समझाइए। (4)

अथवा

क्या होगा, यदि बाजार में प्रचलित मूल्य है?

(अ) संतुलन कीमत से अधिक (ब) संतुलन कीमत से कम

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com